न्यायालय उपखण्ड अधिकारी खानपुर जिला झालावाड़
(पीठासीन अधिकारी – श्री प्रमोदकुमार सिंघव आर.ए.एस.)

मिसल नं0 770/दावा/2013
दायरा 18.11.2013

उनवान

माफी मंदिर श्री देव जी महाराज विराजमान समरोल जर्ये पुजारी
1. कन्हैयालाल पुत्र जगन्नाथ जाति गूजर निवासी बरेडा तह0 खानपुर
2. चौथमल पुत्र जगन्नाथ जाति गूजर निवासी बरेडा तह0 खानपुर
3. पुष्करराज पुत्र हरलाल जाति गुजर निवासी बरेडा तह0 खानपुर

– वादीगण

बनाम्

राजस्थान सरकार जर्ये तहसीलदार साहब तहसील खानपुर

– प्रतिवादी

राजस्व वाद अन्तर्गत धारा 88, 89, 90, 91आर.टी.एक्ट 1955, धारा 9 राज0 भूमि सुधार एवं जागीर पुर्नग्रहण अधिनियम 1952 व धारा 136 राज.भू राजस्व अधिनियम 1956

उपस्थितः– श्री लक्ष्मणसिंह चौहान एडवोकेट –वादी
पेराकार सरकार

निर्णय

दिनांक 20/08/2019

वाद के तथ्य संक्षेप में इस प्रकार हैं। वादी ने जर्ये अधिवक्ता एक वाद धारा 88, 89, 90, 91आर.टी.एक्ट 1955, धारा 9 राज0 भूमि सुधार एवं जागीर पुर्नग्रहण अधिनियम 1952 व धारा 136 राज.भू राजस्व अधिनियम 1956 के अन्तर्गत इस आशय का प्रस्तुत किया है कि ग्राम समरोल के माल की जमाबंदी सं0 2068–71 की खतौनी सं0 88 की ख0नं0 49 की 7.08 बीघा आराजी स्थित है जो देव जी महाराज विराजमान गांव खातेदार के खाते दर्ज है। वादीगण आराजी पर काश्तकार हैं तथा वादीगण के पूर्वजों के नाम पुजारी के रूप में खाते में दर्ज हैं। मंदिर मूर्ति की सेवा पूजा वादीगण के पूर्वज ही करते थे और वर्तमान में वादीगण ही मंदिर मूर्ति की सेवा पूजा करते है। सं0 2011 की जमाबंदी में यह माफी मंदिर श्री देव जी महाराज विराजमान गांव व कब्जा खातेदार हीरा बेटा भैरू का जात गूजर वास गांव के खाते दर्ज है। हीरा जी फौत हो चुके हैं जिनके वारीसान जगन्नाथ, हरलाल हैं, यह भी फौत हो चुके हैं। वर्तमान में वादीगण ही इनके वारीस हैं जो मंदिर मूर्ति की सेवा पूजा करते आ रहे हैं। वादग्रस्त आराजी में वादीगण के पूर्वजों का नाम पुजारी के रूप में खाते में दर्ज रहा है। वादीगण के पूर्वजों का नाम विरासत के रूप में पीढी दर पीढी दर्ज होता चला आ रहा है किन्तु राजस्व विभाग ने परिपत्र दिनांक 13.12.1991 के अनुसरण में बिना किसी अधिकारिता के व बिना न्यायालय के आदेश के वादीगणके पूर्वजों का नाम उक्त राज्यादेश की आड़ में विलोपित कर दिया, वादीगण के पूर्वज आराजी पर काश्त करते चले आ रहे हैं और मंदिर की सेवा पूजा करते आ रहे हैं व वर्तमान में वादी मंदिर मूर्ति देव जी की सेवा पूजा करते आ रहे हैं। वादग्रस्त आराजी के संबंध में राजस्थान सरकार ग्रुप 6 परिपत्र कमांक 3(2) राजस्थान/6/2007/14 दि0 24.05.2007 में जारी परिपत्र के पेरा नं0 5 में अंकित है कि जागीरों के अधिग्रहण के समय मंदिर माफी की भूमि जो किसी व्यक्ति के नाम खातेदार पट्टेदार अथवा खादिमदार आदि नाम से दर्ज थी उनमें उन काश्तकारों को पूर्ण उत्तराधिकार योग्य एवं हस्तान्तरणीय अधिकार प्राप्त हैं। ऐसी भूमियों को पुनः मंदिरों के नाम दर्ज किया जाना विधि सम्मत

उपखण्ड अधिकारी
खानपुर जिला झालावाड़
(राजस्थान)

Scanned by CamScanner

नही है। राजस्व रेकार्ड मे ऐसे व्यक्तियो का नाम निरन्तर खातेदार के रूप मे दर्ज रहेगा। राजस्व मण्डल राजस्थान अजमेर ने भी दिनाक 24.05.2007 के परिपत्र की समुचित पालना के सन्दर्भ मे कमांक राज/4-63/न्याय/स्था/05/636-689 दि0 6.01.2010 जारी किया है जिसमे भूमि पर पुनः पुजारी के खाते मे दर्ज किये जाने के आदेश फरमाये है। राजस्थान सरकार राजस्व विभाग ग्रुप 6 परिपत्र कमाक प2(4)राज/4/90/37 दि0 13.12.1991 जो देव मदिर मूर्ति की खातेदारी मे दर्ज पुजारी एवं सेवारतो के संबंध मे था। उक्त परिपत्र मे काश्तकारीअधिकार रेकार्ड ऑफ टीनेंट राईट्स को किसी भी रूप मे प्रमाणित नही करता किन्तु राजस्व विभाग ने बिना तथ्यो की जाच किये, परीक्षण किये वादीगण के पूर्वजो का नाम राजस्व रेकार्ड से हटाया है। इस कारण वादीगण अपने नाम अभिलेख जमाबंदी रेकार्ड ऑफ राईट्स अपना नाम बतौर खातेदार दर्ज करवाने के अधिकारी है। ऐसे भूमि के संबंध मे जो मंदिर माफी की थी के संबंध में राज. भूमि सुधार तथा जागीर पुनःग्रहण अधिनियम 1952 की धारा 9 में प्रावधान किया गया है कि इस अधिनियम के प्रभावी होने के समय जो व्यक्ति राजस्व रेकार्ड में पट्टेदार, खादिमदार या अन्य किसी नाम दर्ज थे निरन्तर खातेदार बने रहेगे। भूप्रबन्ध एवं समय समय पर राजस्व रेकार्ड संधारण में रही त्रुटियों के कारण उक्त आराजी से वादीगण के पूर्वजो का नाम हटाकर मंदिर का नाम दर्ज किया गया है जो विधि सम्मत नही है एवं न्याय के नैसर्गिक सिद्धान्तों के सर्वथा विपरीत है। वादीगण के पास इसके अलावा अन्य कोई भूमि खातेदारी में दर्ज नहीं है जिससे वादीगण भूमिहीन व बेसहाय हो गये हैं। हमने प्रतिवादी को धारा 80 सी.पी.का नोटिस भी दिया है किन्तु इनके द्वारा कोई सुनवाई नही की गई है। अतः वाद पेश कर निवेदन है कि वादीगण के पक्ष मे प्रतिवादी के खिलाफ इस आशय की डिक्री फरमायी जाये कि ग्राम समरोल के माल की जमाबंदी सं0 2068-71 की खतौनी सं0 88 की ख0नं0 49 की 7.08 बीघा आराजी में रिकार्ड दुरूस्त किया जाकर मंदिर मूर्ति श्री देव जी विराजमान के साथ वादीगण को भी पुजारी खातेदार दर्ज किये जाने के आदेश तहसीलदार खानपुर के नाम फरमाने की डिक्री जारी की जाये तथा अन्य न्यायोचित सहायता जो माननीय न्यायालय उचित समझे अता फरमायी जाये।

वाद पेश होने पर दर्ज रजिस्टर किया जाकर प्रतिवादी को जर्ये सम्मन तलब किया गया। प्रतिवादी की ओर से पेरोकार सरकार ने जवाबदावा पेश कर वादी के वाद को अस्वीकार किया। वादी के वाद एवं प्रतिवादी के जवाबदावा के अनुसार विवादित बिन्दूओं पर तनकीयात कायम की गई। अधिवक्ता वादी ने पर्याप्त अवसर के बाद भी अपने वाद के समर्थन में कोई साक्ष्य पेश नहीं की तथा दिनांक 06.08.2019 को सीधे ही बहस करने का अनुरोध करने पर अधिवक्ता वादी एवं पेरोकार सरकार की बहस सुनी गयी।

विद्वान अधिवक्ता वादी ने दोराने बहस वाद पत्र में वर्णित तथ्यों को दोहराते हुये प्रकट किया कि ग्राम समरोल के माल की जमाबंदी सं0 2068-71 की खतौनी सं0 88 की ख0नं0 49 की 7.08 बीघा आराजी स्थित है जो देव जी महाराज विराजमान गांव खातेदार के खाते दर्ज है। मंदिर मूर्ति श्री देव जी की सेवा पूजा वादीगण के पूर्वज ही करते थे और हमारे पूर्वजों का वादग्रस्त आराजी में पुजारी के रूप में खाते में नाम दर्ज था तथा पीढी दर पीढी विरासत बतौर मंदिर की सेवा पूजा एवं आराजी पर खातेदार कृषक के रूप में काबिज काश्त चले आ रहे है। राजस्व विभाग ने बिना किसी अधिकारिता के व बिना न्यायालय के आदेश के वादीगण के पूर्वजों का नाम राज्यादेश की आड़ में विलोपित कर दिया, जबकि वादीगण के पूर्वज आराजी पर काश्त करते चले आ रहे हैं और मंदिर की सेवा पूजा करते आ रहे हैं व वर्तमान में वादीगण मंदिर मूर्ति श्री देव जी विराजमान की सेवा पूजा कर रहे है। इस संबंध में राजस्थान सरकार ग्रुप 6 परिपत्र कमांक 3(2) राजस्थान/6/2007/14 दि0 24.05.2007 में जारी परिपत्र के पेरा नं0 5 में अंकित है कि जागीरों के अधिग्रहण के समय मंदिर माफी की भूमि जो किसी व्यक्ति के नाम खातेदार पट्टेदार अथवा खादिमदार आदि नाम से दर्ज थी उनमें उन काश्तकारों को पूर्ण उत्तराधिकार योग्य एवं हस्तान्तरणीय अधिकार प्राप्त हैं। ऐसी भूमियों को पुनः मंदिरों के नाम दर्ज किया जाना विधि सम्मत नहीं है। राजस्व रेकार्ड में ऐसे व्यक्तियों का नाम निरन्तर खातेदार के रूप में दर्ज रहेगा। राजस्व मण्डल राजस्थान अजमेर ने भी दिनांक 24.05.2007 के परिपत्र की समुचित पालना के सन्दर्भ में कमांक राज/4-63/न्याय/स्था/05/636-689 दि0 6.01.2010 जारी किया है जिसमें भूमि पर

उपखण्ड अधिकारी
खानपुर जिला झालावाड़
(राजस्थान)

Scanned by CamScanner

पुनः पुजारी के खाते में दर्ज किये जाने के आदेश फरमाये है। राजस्थान सरकार राजस्व विभाग ग्रुप 6 परिपत्र कमांक प.2(4)राज/4/90/37 दि0 13.12.1991 जो देव मंदिर मूर्ति की खातेदारी में दर्ज पुजारी एवं सेवारतो के संबंध में था। उक्त परिपत्र में काश्तकारी अधिकार रेकार्ड ऑफ टीनेंट राईट्स को किसी भी रूप मे प्रमाणित नही करता किन्तु राजस्व विभाग ने बिना तथ्यो की जांच किये, परीक्षण किये यादीगण के पूर्वजो का नाम राजस्व रेकार्ड से हटाया है। ऐसी भूमि के संबंध में जो मंदिर माफी की थी के संबंध मे राज. भूमि सुधार तथा जागीर पुनःग्रहण अधिनियम 1952 की धारा 9 में प्रावधान किया गया है कि इस अधिनियम के प्रभावी होने के समय जो व्यक्ति राजस्व रेकार्ड में पट्टेदार, खादिमदार या अन्य किसी नाम दर्ज थे निरन्तर खातेदार बने रहेंगे। भूप्रबन्ध एवं समय समय पर राजस्व रेकार्ड संधारण में रही त्रुटियों के कारण उक्त आराजी से यादीगण के पूर्वजों का नाम हटाकर मंदिर का नाम दर्ज किया गया है जो विधि सम्मत नही है एवं न्याय के नैसर्गिक सिद्धान्तों के सर्वथा विपरीत है। हमने अपने वाद को पुराने राजस्व रेकार्ड एवं गवाहान के बयान कराकर साबित कराया है। अतः हमारा दावा डिक्री किया जाकर ग्राम रामरोल के माल की जमाबंदी सं0 2068–71 की खतौनी सं0 88 की ख0नं0 49 की 7.08 बीघा आराजी में रिकार्ड दुरूस्त किया जाकर मंदिर मूर्ति श्री सांवलनाथ जी विराजमान के साथ यादीगण को रेकार्ड में पुजारी दर्ज किया जावे।

पेरोकार सरकार ने अपनी बहस में प्रकट किया कि हमारा जवाब ही बहस है। वादी स्वंय अपने वाद को साबित करें।

हमने पत्रावली का अद्योपान्त अध्ययन किया एवं विद्वान अधिवक्ता वादी की बहस पर मनन किया। यादीगण ग्राम रामरोल के माल की जमाबंदी सं0 2068–71 की खतौनी सं0 88 की ख0नं0 49 की 7.08 बीघा आराजी स्थित है जो देव जी महाराज के खाते दर्ज है। वादी ने परिपत्र राजस्थान सरकार ग्रुप 6 परिपत्र कमांक 3(2) राजस्थान/6/2007/14 दि0 24.05.2007, राजस्व मण्डल राजस्थान अजमेर के परिपत्र दिनांक 24.05.2007, कमांक राज/4–63/न्याय/स्था/05/636–689 दि0 6.01.2010 व राजस्थान सरकार राजस्व विभाग ग्रुप 6 परिपत्र कमांक प.2(4)राज/4/90/37 दि0 13.12.1991, राजस्व (ग्रुप–6) विभाग के परिपत्र कमांक 3(2)राज–6/07/19 दि0 25.11.11 के आधार पर जमाबंदी में मूर्ति मंदिर श्री सांवलनाथ जी के साथ साथ पुजारी का नाम दर्ज करने का यह वाद पेश किया है। इन सभी परिपत्रों में कहीं भी यह उल्लेख नहीं है कि मूर्ति मंदिर के खाते की आराजियात में मूर्ति के साथ–साथ पुजारी का नाम अंकित किया जावे। यहां हम पेरोकार सरकार द्वारा प्रस्तुत जवाब एवं दलीलों से सहमत हैं। चूँकि मूर्ति शासवत नाबालिग है तथा नाबालिग के हितों की सुरक्षा किये जाने का दायित्व न्यायालय का भी है। उपरोक्त विवेचन के अनुसार वादी अपने वाद को साबित करने में विफल रहा है। ऐसे में वादी का वाद खारिज होने योग्य है।

अतः वाद, वादी साबित नहीं होने से अस्वीकार/खारिज किया जाता है। खर्चा फरीकेन अपना–अपना वहन करेंगे। इस आशय का डिक्री पर्चा जारी हो। पत्रावली निर्णय में शुमार होकर नम्बर से कम हो तथा वाद तामील तकमील दाखिल दफ्तर हो।

उपखण्ड अधिकारी
खानपुर जिला झालावाड़
(राजस्थान)

निर्णय आज दिनांक 20/08/2019 को लिखाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

उपखण्ड अधिकारी
खानपुर जिला झालावाड़
(राजस्थान)

Scanned by CamScanner